प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

17वें एग्रीकल्चर साईंस कांग्रेस का पोस्टर एवं कैलेंडर लॉन्च

पन्तनगर। 2 जनवरी 2025। आज माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अपने आवास पर 17वें एग्रीकल्चर साईंस कांग्रेस के पोस्टर एवं कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर पंतनगर विष्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, यूकोस्ट के महानिदेशक डा. दुर्गेश पंत, निदेशक शोध एवं आयोजन सचिव डा. ए.एस. नैन तथा संयुक्त निदेशक शोध डा. अनिल कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहन द्वारा मुख्यमंत्री को जानकारी दी गयी कि इस आयोजन में 4000 से अधिक डेलीगेट्स प्रतिभाग करेंगे जिसमें 50 से अधिक देशों से प्रतिनिधित्व करेंगे। यह कार्यक्रम न केवल कृषि क्षेत्र बल्कि पर्यटन क्षेत्र के लिए भी एक बड़ा प्रोत्साहन साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान 200 से अधिक स्टॉल्स के माध्यम से नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। 100 से अधिक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के संस्थान इस आयोजन में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त 20 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपति इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। यह आयोजन कृषि और संबंधित क्षेत्रों में नवाचार, ज्ञान–साझाकरण और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करेगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के माध्यम से कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होने की उम्मीद है।

17वें एग्रीकल्चर साईंस कांग्रेस के पोस्टर एवं कैलेंडर का विमोचन करते माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड श्री पुष्कर सिंह धामी, पन्तनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य।

निदेशक संचार